हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 विकास से जोड़ने का मार्ग हुआ प्रशस्त : कलेक्टर





12 मेला में शामिल होकर विधायक ने की सुख समृद्धि की कामना




## खबर संक्षेप

### 50 प्रतिभाशाली महिलाओं को नारी तू नारायणी सम्मान



**जगदलपुर।** यूएचएफसी फाउंडेशन रायपुर द्वारा प्रदेश की लगभग 50 महिलाओं को नारी तू नारायणी सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें शहर की वरिष्ठ पत्रकार गायत्री आचार्य, शिक्षिका गंगोत्री मिश्रा और चाइल्ड लाइन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सुशीला कश्यप को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूएचएफसी फाउंडेशन के सोनम श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कई महिला प्रतिभाएं देश दुनिया में नाम कमा रही है। राज्य में महिलाओं प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाएं अपने प्रतिभा से राज्य का नाम रोशन कर रही है।

### कुम्हरावंड झरनीगुड़ा में मूर्ति अधिवास व पूजन विधान आज

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप के गृह क्षेत्र कलचा के ग्राम कुम्हरावंड झरनीगुड़ा में 7 से 9 अप्रैल तक चल रहे श्री राम भक्त हनुमान की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बुधवार को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक मूर्ति अधिवास एवं पूजन विधान होगा। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ आज मंगलवार को पहले दिन पहुंची। इस दौरान मंडप प्रवेश एवं अभिषेक हुआ।

# लामनी में लुभा रहा विदेशी पक्षियों लीली और कृष्णा का तराना

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

हैलो कृष्णा, हैलो लीली, गाना सुनाओ ना ये जगदलपुर के लामनी पक्षी पार्क में एक पिंजरे के सामने जुटने वाले बच्चों की मुनहार पर खूबसूरत ब्लू गोल्ड मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट की मीठी आवाज है। अगर आप कोई गाना गुनगुनाएंगे तो ये पक्षी भी दोहराएंगे। इन दिनों दोनों बातूनी पक्षियों की मीठी आवाज में नकल सुनने के लिए खूब पर्यटक आ रहे हैं। शहर के लामनी पक्षी पार्क में विदेशी प्रजातियों ब्लू गोल्ड मकाऊ (कृष्णा) और अफ्रीकन ग्रे पैरेट (लीली) अपनी खूबसूरती और अनूठे व्यक्तित्व के कारण दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। पार्क में इन विदेशी पक्षियों के आने से उम्मीद की जा रही है कि अब यहां पर्यटकों की संख्या और बढ़ रही है। बच्चे इन रंग-बिरंगे और बातूनी पक्षियों को करीब से देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। कृष्णा और लीली की इंसानी बोली की नकल करने की क्षमता और चंचल स्वभाव पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। यहां कलेक्टर, डीएफओ, रेंजर भी जब-तब आते रहते हैं। बताया गया कि पहले शनिवार एवं रविवार को लगभग दो-ढाई सौ लोग आते थे। अब विदेशी पक्षियों के आने से पर्यटकों की संख्या बढ़कर 300-400 हो गई है।

**संरक्षण करना बड़ी जिम्मेदारी :** बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐसे दोनों पक्षी बहुत बुद्धिमान, सामाजिक और चंचल होते हैं।ये अपने देखभाल करने वालों से गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना लेते हैं। इसलिए इनका संरक्षण एक बड़ी जिम्मेदारी है।

### इंसानी आवाज की हूबहू नकल उतार रहे हैं ब्लू गोल्ड मकाऊ व अफ्रीकन ग्रे पैरेट

#### ब्लू-एंड-गोल्ड मकाऊ

ब्लू-एंड-गोल्ड मकाऊ जिसे आरा अरारौना भी कहा जाता है, मूल रूप से मध्य और दक्षिण अमेरिका के जंगलों में पाया जाता है। इस तोते की सबसे बड़ी खासियत इसके चमकीले रंग हैं। इसके पंख ऊपर से नीले और नीचे से सुनहरे पीले रंग के होते हैं, सिर पर हल्का हरा रंग और मजबूत काली चोंच इसकी सुंदरता को और बढ़ा देती है। यह तोता करीब 34 से 36 इंच लंबा होता है और इसके पंखों का फैलाव 45 इंच तक होता है, यह न सिर्फ देखने में सुंदर है बल्कि इंसानों की तरह बोलने की क्षमता भी रखता है।



#### अफ्रीकन ग्रे पैरेट

दूसरा पक्षी अफ्रीकन ग्रे पैरेट है, जो अपनी तेज नकल करने की क्षमता के लिए दुनिया भर में मशहूर है। यह इंसानी आवाज, शब्द और वाक्य आसानी से दोहरा रहा है। यही कारण है कि यह बच्चों के लिए खास मनोरंजन का माध्यम बन गया है। इसकी समझदारी और शांत स्वभाव पर्यटकों को खूब पसंद आ रहा है।

### संजय मार्केट में महिला कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सरकार को कोसा

# घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ा : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में संजय मार्केट में घरेलू गैस सिलेंडर के साथ सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। यह धरना प्रदर्शन प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम के आदेश तथा बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर किया गया।

जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन, जनविरोधी नीतियों का प्रमाण है । मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रू.की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले तीन महीने में कमर्शियल गैस के दाम में 525 रू.की बढ़ोतरी हुई थी। कुछ ही दिनों पहले घरेलू गैस के दाम में 62 रू की बढ़ोतरी किया गया था। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है लोगो को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है । कमर्शियल गैस सिलेंडर के नहीं मिलने से व्यवसायी परेशान है । सरकार कोई कमी नहीं होने का ढोंग कर रही है । उन्होंने कहा घरेलू रसोई गैस और कमर्शियल गैस की लगातार कीमतों में वृद्धि से महिलाओं को चूल्हा चलाना मुश्किल हो गया है। आम आदमी के किचन का बजट बढ़ा दिया गया है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर गृहिणियों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है।



#### ये रहे मौजूद

इस दौरान अपर्णा बाजपेयी, शहनाज बेगम, अंजना नाग, एस नीला,मनिता राऊत, जुबेदा बेगम,गुरमीत कौर, पूर्णिमा सीरिल, अम्माजी राव ,ज्योति शर्मा, डॉली, लक्ष्मी राव, तुलसी कश्यप ,निकिता सोनी, गंगा मुखर्जी, श्यामा, सुनीता दास, प्रेम ज्योति, गीता नेताम, रितिका कर्मा, हेमलता यादव, जुबेदा बेगम, गौरी नाग, मनीता रावत ,जोगेश्वरी राव ,जयंती केरकेट्टा अनुसूया निषाद ,उमा सागर, खरीना सुरजो ,सकीना,सविता सामंत संगीता महावीर सुनीता नेताम मौजूद रहे।

## शादी से लौट रही पिकअप पलटने से दो महिलाओं की मौत, 37 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नारायणपुर जिले के ओरछा रेंगाबेड़ा में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के सिरिसगुड़ा लौट रही सवारियों से भरी पिकअप के पलटने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य 37 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लोहण्डीगुड़ा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 26 लोगों को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक यह भीषण हादसा घोटिया चौकी क्षेत्र के ढाबामारी के पास मंगलवार को हुआ। पिकअप वाहन में सवार ग्राम सिरिसगुड़ा के ग्रामीण ओरछा के रेंगाबेड़ा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान घोटिया चौकी अंतर्गत ढाबामारी के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में सिरिसगुड़ निवासी मिटको मण्डावी पति आयतु मण्डावी लगभग 50 वर्ष तथा सुलो मण्डावी पति सूलो मण्डावी 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घोटिया पुलिस मौके पर पहुंचकर दूसरी वाहन से घायलों को लोहण्डीगुड़ा अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सिरिसगुड़ा निवासी एक परिवार अपने गांव ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### 26 घायल मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर

घायलों को लोहंडीगुड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 26 लोगों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि पिकअप में चालक समेत 40 लोग सवार थे सभी लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्रामी सिरिसगुड़ा के रहने वाले थे। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### महिला मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर की प्रथम कार्यकारिणी की राजीव भवन में बैठक हुई।

मंगलवार को हुई बैठक में मौर्य ने महिला कांग्रेस को सिलेंडर समेत बढ़ती मंहगाई के लिए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ लगातार मुखर होने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि संगठन की महिलाएं शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में इन मुद्दों पर सरकार की जनविरोधी नीति के खिलाफ माहौल बनाएं। इससे केंद्र और राज्य की सरकार के झूठे वायदे जनता के बीच बेनकाब होंगे। इस मौके पर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद थे।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं ₹ 10,000 प्रति माह

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

मोबाइल- 9131893124, 8817958580


## अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई सात वाहन जब्त, प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए खनिज जांच दल ने कार्रवाई की है। भैंरमबंद, बालूद एवं बालपेट क्षेत्रों में औचक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 7 वाहनों को पकड़ा गया। खनिज जांच दल ने मौके पर पंचनामा तैयार कर वाहनों को जब्त किया तथा कलेक्टर परिसर में रखा है। सभी मामलों में वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बताया गया कि 5 एवं 6 अप्रैल को कार्रवाई के दौरान संतोष ओढी मुसकेल, भीमसेन यादव भैरमबंद, पवन शर्मा दंतेवाड़ा, समलू सोढ़ी चूडीटिकरा, शिवप्रसाद भास्कर भैरमबंद, महेश भोगामी मंगनार एवं पुरन भास्कर मंगनार का ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर-लोडर वाहन अवैध रेत परिवहन करते पाए गए जिन्हें जब्त किया गया। इन सभी मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (4) के तहत वाहनों को जब्त करते हुए धारा 21 (5) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

#### जांच और निगरानी जारी रहेगी

कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने खनिज अमले द्वारा जांच एवं निगरानी की जा रही है । आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक अश्वनी झाड़ी एवं जिला खनिज जांच दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण शुरू

**जगदलपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मैत्री संघ गली में नवनिर्मित ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में मंगलवार से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह प्रारंभ हो गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने मां दंतेश्वरी को न्यौता दिया। कथा बांचने वृंदावन से सुबोध महाराज पधारे हैं। यह अनुष्ठान प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या साढ़े 6 बजे तक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अंबेडकर जयंती पर निकलेगी रैली नीले झंडों से सजेगा चौक-चौराहा

■ बैठक में तैयारियों पर चर्चा कर जिम्मेदारी दी गई

**घाटलोहंगा।** भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा, अल्पसंख्यक समाज एवं सर्व समाज के प्रमुखों की बैठक हुई। सोमवार को सर्व आदिवासी समाज के कार्यालय में बैठक रखा गया जहां रैली आदि पर चर्चा हुई। 14 अप्रैल को बाबा साहब की 135 वीं जयंती मनाई जाएगी। सुबह 10 से 1 बजे तक अपने अपने ग्राम एवं पंचायत में बाबा साहब का जयंती और शहर के लालबाग में अंबेडकर पार्क में 3 बजे रैली निकलेगी। इसके बाद नगर भ्रमण किया जाएगा। नगर के हर चौक चौराहों में नीला झण्डा एवं फ्लेक्स लगाया ▶▶| शेष पेज 10 पर



# संगठन को मजबूत करने गांव पहुंच रहे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगरनार ब्लाक के गारावंडकला में शहर अध्यक्ष ने ली बैठक

मिशन गांव चलो अभियान के तहत बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने नगरनार ब्लॉक के गारावंडकला में बूथ व पंचायत कमेटी गठन प्रकिया हेतु बैठक ली। संगठन विस्तार व आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई।

श्री मौर्य ने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना है। सभी एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और गांव-गाँव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लें। अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना, नए कार्यकतार्ओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, संतोष सेठिया ब्लॉक अध्यक्ष, लेखन बघेल, दयाराम कश्यप, विद्याधर ▶▶| शेष पेज 10 पर



# नक्सलगढ़ रहे बेलनार में अब शांति और विकास का माहौल : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ वनमंत्री ने ध्वजारोहण कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

भैरमगढ़ मंडल के ग्राम पंचायत बेलनार में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बेलनार जैसे क्षेत्र जो कभी घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में गिने जाते थे, आज वहां शांति और विकास का माहौल दिखाई दे रहा है। इस सकारात्मक बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की नीतियों और रणनीति को दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर सहित पूरे देश को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को दोहराया गया।




WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख रुपऐ की सहायता राशि

**कोण्डागांव।** मकड़ी तहसील के ग्राम देवहरदुली निवासी लच्छिन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। मृतक की पुत्री सीमा, कामिनी, अनुपा, योगेश्वरी एवं पुत्र उग्रेश को यह सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए गए है कि स्वीकृत राशि वारिसों के बैंक खातों में जल्द हस्तांतरित की जाए।

### प्लेसमेंट कैंप में मिला 25 युवाओं को रोजगार



**कोण्डागांव।** कलेक्टर परिसर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न निजी संस्थानों द्वारा कुल 396 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया आयोजित की गई। कैंप में 97 बेरोजगार युवक–युवतियों ने आवेदन किया, जिनमें से 42 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान 38 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि 25 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया। कैंप में रिलेशनशिप मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंटेंट एवं लेबर जैसे पदों पर भर्ती की गई। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित 11 प्लेसमेंट कैंपों में 1027 आवेदकों ने भाग लिया है। जिनमें से 191 युवाओं का अंतिम चयन किया गया।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब 10 अप्रैल तक

**कोण्डागांव।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 01 अप्रैल तक निर्धारित थी। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक स्टोरकीपर, ट्रेडमैन 10वीं एवं 8वीं, अग्निवीर महिला सेना पुलिस सहित स्थायी कैडर के विभिन्न पदों के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित अर्हताओं के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के लिए कार्यालयीन समय में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

### ताड़मेटला नक्सल हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव।** अधिकारियों ने सुकमा के ताड़मेटला में 6 अप्रैल 2010 को हुए नक्सल हमले में शहीद 76 जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि यह दिन सुरक्षा बलों के इतिहास में हमेशा भावुक और महत्वपूर्ण रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 188 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुट्टी, कोण्डागांव स्थित शहीद स्मारक पर कमांडेंट भवेश चौधरी द्वारा सलामी देकर की गई। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कमांडेंट भवेश चौधरी ने कहा कि शहीद जवानों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने जवानों को शहीदों के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और सभी जवानों ने अमर रहे के नारे लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## नारायणपुर को विकास की नई पहचान देने की दिशा में तेजी से हो रहा काम: कश्यप

# वन मंत्री ने जिले को दी 17.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# नालंदा परिसर, एनएच सहित 11 कामों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान नारायणपुर को 17 करोड़ 59 लाख 57 हजार रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले के विकास को नई गति प्रदान की। कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि इस अवसर पर नेशनल हाईवे 130डी के मजबूतीकरण कार्य, नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन सहित डीएमएफ और नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कुल 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

■ वन मंत्री ने हितग्राहियों को वितरित किए 20-20 हजार के चेक और आवास प्रमाण पत्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण से जिले के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और अबूझमाड़ सहित नारायणपुर के बच्चे भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर इंजीनियर, डॉक्टर एवं शासकीय सेवाओं में स्थान प्राप्त कर सकेंगे। गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा मार्ग के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130डी के मजबूतीकरण कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह टीमवर्क के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प साकार हुआ है, जिससे अब नारायणपुर और अबूझमाड़ के विकास का मार्ग और अधिक सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास एवं समृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री श्री कश्यप ने राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के 03 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 25 हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।





### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, संध्या पवार, गौतम एस. गोलछा, बृजमोहन देवांगन सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, वन मंडल अधिकारी एम.जी. वेंकटेशा, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामचंद्र यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में जिलेवासी मौजूद रहे।

## आम पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर मंत्री केदार ने ग्रामीणों से किया संवाद

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'गांव चलो–बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण मंडल के ग्राम दुग्गाबैंगाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप गांव पहुंचे और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप आम के पेड़ की छांव के नीचे जमीन पर बैठकर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ सहज वातावरण में चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में नारायणपुर जिला विकास और समृद्धि की नई पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को खड़ा करने वाले उन महापुरुषों को वे नमन करते हैं, जिन्होंने अपना सर्वोच्च समर्पण कर इस संगठन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या, निष्ठा और अथक परिश्रम के कारण भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। अपने संबोधन में मंत्री कश्यप ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान और गौरव है। हमारे बुजुर्गों द्वारा दिया गया ज्ञान और





जीवन मूल्यों की विरासत अनमोल है, जिसे सहेजकर रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की धरती से घोषणा की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का सफाया किया जाएगा, और आज सुरक्षा बलों के साहस तथा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण यह लक्ष्य साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की गति तेज हुई है और नारायणपुर जिले में भी तेजी से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे दूरस्थ अंचलों तक विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस दौरान मंत्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों की विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें पूरा करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भाजपा गमछा पहनाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और संगठन के प्रति उनके लंबे समय से किए जा रहे योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री व जिला पंचायत सदस्य संतनाथ उसेंडी ने भी अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल दुग्गा ने किया, जबकि आभार भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमानंद नानु नाग ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमशीला नाग, रानो पोटाई, हीरू दुग्गा, बैजू उसेंडी, राजेश ठाकुर, चमरोत नूरेटी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहीद शिवलाल की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धांजलि के साथ सेवा कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम पतोड़ा में7 अप्रैल को शहीद शिवलाल नेताम की छठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शहीद शिवलाल नेताम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास एवं सीआरपीएफ 188 बटालियन के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके बलिदान को नमन किया। पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद के परिजनों द्वारा चौक से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत, खिचड़ी और तरबूज वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि शहीद शिवलाल नेताम का चयन वर्ष 2003 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुआ था। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने त्रिपुरा, असम, जम्मू-कश्मीर एवं छत्तीसगढ़ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सेवाएं दीं। 7 अप्रैल 2020 को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बीजबेहरा में सीआरपीएफ 116 बटालियन में तैनाती के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ में उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

## नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**फरसगांव।** क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें फरसगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने 06 अप्रैल को थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी आनंद मंडावी ने 1 अप्रैल को मेला देखने के दौरान उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद शादी का झांसा देकर उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर अनाचार किया। रिपोर्ट के आधार पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 39/2026 के तहत धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में टीम गठित की गई ।



## संभाग स्तरीय मछुवारा प्रकोष्ठ की बैठक भाजपा कार्यालय में

**फरसगांव।** भारतीय जनता पार्टी के मछुवारा प्रकोष्ठ की संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार की दोपहर कोंडागांव स्थित भाजपा कार्यालय में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुई।

बैठक में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय, प्रभावशाली और उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे संगठन की मजबूती और समर्पण का परिचय मिला।

बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने, मछुआरा समाज की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित एवं ठोस समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने को लेकर गंभीर एवं व्यापक मंथन किया गया। वक्ताओं ने समाजहित में आपसी समन्वय, संगठनात्मक एकजुटता और सतत जनसंपर्क को सफलता की आधारशिला बताते हुए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह संयोजक प्रेमलता निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक वास्तविक विकास अधूरा ही रहेगा। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और कार्यकर्ताओं से पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ऊर्जा के साथ संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने में जुटने का आग्रह किया गया।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रदेश सह संयोजक युगल कैवर्त, पूनम कैवर्त, बस्तर संभाग प्रभारी रामप्रसाद निषाद, कोंडागांव जिला संयोजक लोकनाथ निषाद, बस्तर जिला संयोजक बलराम निषाद, कांकेर जिला संयोजक प्रकाश निषाद, सुकमा जिला संयोजक तामेश निषाद, नारायणपुर जिला संयोजक हीरा निषाद, शेखर निषाद सहित मछुवारा प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फसलें सूखने की कगार पर

# लो वोल्टेज व बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

क्षेत्र के ग्रामीण इलाके इन दिनों भीषण बिजली संकट से जूझ रहे हैं। लगातार लो वोल्टेज और बार-बार हो रही बिजली कटौती ने गांवों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। उन्होंने मंगलवार को फरसगांव में विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है।

■ कार्यालय का घेराव कर आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने बताया कि कोर्राबढ़गाँव ,गट्टीपलना, शंकरपुर, कैटपदर, पैंसरा और छेपड़ीपारा, कुम्हारपदर सहित कई गांवों में लंबे समय से बिजली आपूर्ति अनियमित बनी हुई है। लो वोल्टेज के चलते खेतों में लगे सिंचाई पंप पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे, जिससे किसानों की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। खेती पर निर्भर ग्रामीणों के सामने अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

बिजली संकट का असर सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन-रात हो रही कटौती से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और छोटे कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई गांवों में हालात ऐसे हैं कि लोग अंधेरे में रात बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए जाएं।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कोर्राबढ़गांव सरपंच नरसू मंडावी, गट्टीपलना सरपंच नरसिंग शोरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी, सुखदेव मंडावी, रघुराम पोयाम, दुवारु नेताम, दिनेश नेताम, महेश पोयाम, मंगलू मरकाम,बाल सिंग नेताम, मुकेश मांझी, सगनु राम नेताम, रमेश नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### शादी से लौट रही...

के लोगों के साथ सोमवार को गांव के ही रामधर कि पिकअप वाहन में नारायणपुर जिले के ओरछा के रेंगाबेड़ा में शादी में गए हुए थे। शादी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह जब पिकअप में सवार होकर सभी वापस आ रहे थे। तभी घोटिया चौकी क्षेत्र के ढाबामारी के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलट गई। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोगो के साथ ही पुलिस टीम व एम्बुलेंस को रवाना किया गया।

### ओंकारेश्वर मंदिर परिसर...

चलेगा। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह के प्रथम दिन मंगलवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात गणेश पूजन के बाद श्रीमद् भागवत महात्म कथा प्रारम्भ हुई। बताया गया कि 8 अप्रैल को विदुर चरित्र सृष्टि वर्णन ध्रुव चरित्र, 9 अप्रैल को जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र नरसिंह अवतार, 10 अप्रैल को गजेन्द्र मोक्ष, ब्राह्मण अवतार, श्री राम कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 11 अप्रैल को बाल लीला, श्री गार्वधन पूजा, 12 अप्रैल को रूकमणी मंगल, 13 अप्रैल को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष और 14 अप्रैल को हवन पूर्ण आहूति एंव महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

### अंबेडकर जयंती पर...

जाएगा। सुबह 10 बजे से लालबाग में बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन करन लोग आएंगे। 12 बजे से वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के जीवनी एवं संघर्षों के साथ समाज के सभी लोगों को एकजुट करने एवं संविधान को बचाए रखने पर भाषण दिया जायगा। उसके पश्चात 2 बजे सभी के लिए भोजन की व्यवस्था किया गया है।

**ये रहे मौजूद** : बैठक में सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सर्व अनुसूचित जाति समाज जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे, ओबीसी महासभा संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु, बौद्ध समाज अध्यक्ष पीडी मेश्राम, आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष गंगा राम नाग, ओबीसी महासभा अल्पसंख्यक मोर्चा संभागीय अध्यक्ष हरीश पारख, नरेंद्र रंगारे, लखपति बोरकर मौजूद थे।

### संगठन को मजबूत ...

जिराम, कमल, मंगलसाय, रमेश पात्रों, लिमसर बघेल, लखीराम, मोहन, लोकनाथ, नीलकंठ गोयल, महादेव, रजत जोशी, अजय पांडे, देवदास बघेल, गोपाल, निमकेतन बघेल, गणेश गोयल, बाबूराम, जलंदर कश्यप, मौसु कश्यप, जलपति, जदूनाथ, देबरो, सुधियां, रुपनाथ, तुलसी, अनंतराम मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हेमला का जीवन संघर्षों से भरा रहा

**बीजापुर।** 22 वर्षीय अरविंद हेमला का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बीजापुर जिले के एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मे अरविंद बचपन से ही आर्थिक तंगी, अशिक्षा और सामाजिक चुनौतियों से जूझते रहे। परिवार की आजीविका कृषि मजदूरी पर निर्भर थी, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो जाता था।
कम उम्र में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाना उनके जीवन का सबसे बड़ा आघात था पिता का निधन 2009 में और माता का 2016 में हो गया। इस घटना ने अरविंद को पूरी तरह अकेला और असहाय बना दिया। युवावस्था में गलत संगति, क्षेत्रीय परिस्थितियों और आर्थिक मजबूरियों के कारण अरविंद नक्सली गतिविधियों की ओर आकर्षित हो गए। धीरे-धीरे वे इस रास्ते में उलझते चले गए, जिससे उनका सामाजिक और पारिवारिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। लेकिन समय के साथ अरविंद को एहसास हुआ कि यह रास्ता उन्हें केवल भय और अनिश्चित भविष्य की ओर ले जा रहा है। उन्होंने अपने जीवन को बदलने का दृढ़ संकल्प लिया।
शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर उन्होंने मार्च 2025 में स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया।
आत्मसमर्पण के बाद शासन द्वारा उन्हें पुनर्वास केंद्र बीजापुर में आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग और कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

## निधन

### फूलचंद बाफना



**जगदलपुर।** गीदम निवासी दंतेश्वरी सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप के संचालक फूलचंद बाफना पिता स्व. मेघराज जैन का राजनांदगांव के पूर्व महापौर अजीत जैन के निवास में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव मुक्तिधाम में किया गया। 80 वर्षीय फुलचंद बाफना अजित जैन के ससुर थे। वे विगत 8 वर्षों से अपनी धर्मपत्नी के साथ अपनी पुत्री सुनिता जैन के साथ रह रहे थे। फूलचंद बाफना की पत्नी सुवाबाई एवं चार पुत्रियां है। उनकी अर्थी को कंधा मुखाग्नि व कपाल क्रिया उनकी पुत्री सुमन दुग्गड पति स्व. राजकुमार दुग्गड़ निवासी जगदलपुर व सुनिता जैन पति अजित जैन एवं संतोष बोथरा पति राजकुमार बोथरा निवासी जगदलपुर, सीमा सुराना पति अरविंद सुराना निवासी गीदम के द्वारा किया गया। अंतेष्ठि में राजनांदगांव शहर के नागरिक, परिवारजन, रिश्तेदार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बदलते वक्त के साथ अब गांव से शहर तक आसान हुआ सफर

# विकास से जोड़ने का मार्ग हुआ प्रशस्त : कलेक्टर

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

जहां पहले नक्सलियों के डर के कारण लोग गांव से बाहर निकलने में भी डरते थे, वहीं अब सुरक्षा और स्थिरता लौटने के बाद ग्रामीण निर्भय होकर शहरों की ओर जा रहे हैं। बस सुविधा मिलने से अब लोग रोजी-मजदूरी, व्यापार, इलाज और शिक्षा के लिए

- मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना बनी ग्रामीणों के लिए वरदान
- लखापाल-केरलापेंदा-नागाराम क्षेत्र के ग्रामीणों का पैदल संघर्ष हुआ समाप्त

गांव से बाहर आसानी से आ-जा रहे हैं कभी नक्सल आतंक और दुर्गम रास्तों के कारण जिन गांवों के लोग अपने ही क्षेत्र में सीमित रहने को मजबूर थे, आज वही ग्रामीण अब निर्भय होकर शहरों तक पहुंच रहे हैं।

नक्सलवाद की समाप्ति के बाद सुकमा जिले के दूरस्थ इलाकों में विकास की नई रोशनी पहुंची है। इसी बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना, जिसने वनांचल और अंदरूनी क्षेत्रों के लोगों की जिंदगी में बड़ा परिवर्तन ला दिया है। कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम लखापाल, केरलापेंदा और नागाराम सहित आसपास के कई गांवों के लिए अब दोरनापाल तक पहुंचना आसान हो गया है।







#### नक्सल भय से मुक्त होने लगा सुखमय सुकमा

जहां पहले नक्सलियों के डर के कारण लोग गांव से बाहर निकलने में भी डरते थे, वहीं अब सुरक्षा और स्थिरता लौटने के बाद ग्रामीण निर्भय होकर शहरों की ओर जा रहे हैं। बस सुविधा मिलने से अब लोग रोजी-मजदूरी, व्यापार, इलाज और शिक्षा के लिए गांव से बाहर आसानी से आ-जा रहे हैं। यह बदलाव केवल यातायात तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला कदम साबित हो रहा है।

#### ग्रामीणों ने जताया आभार

इरकमपल्ली निवासी मोहनरंजन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह योजना दूरस्थ और पहुंचविहीन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का बड़ा माध्यम बन रही है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

#### 10 बसों का संचालन

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे और दूरस्थ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के अंतर्गत 10 बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही 5 हक्कुम मेल बसों का संचालन भी लगातार दूरस्थ क्षेत्रों में किया जा रहा है। बसों के सफल संचालन हेतु शासन द्वारा बसों को सब्सिडी प्रदान की जाती है, साथ ही 3 वर्षों के लिए रोड टैक्स में छूट भी दी गई है। यह पहल छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशीलता और जिला प्रशासन की सक्रियता का परिणाम है, जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले नागरिकों को विकास से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



#### सुविधाओं के साथ विकास की नई रफ्तार

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना अब सिर्फ परिवहन योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह सुकमा जिले के ग्रामीण अंचलों में विश्वास, सुविधा और विकास का प्रतीक बन चुकी है। नक्सलवाद के अंधकार से निकलकर अब यह क्षेत्र विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और ग्रामीणों के जीवन में यह परिवर्तन एक नए भविष्य की शुरुआत है।

#### अब राह हुई आसान

ग्राम लखापाल निवासी श्री कूड़ाम जोगा बताते हैं कि बस सेवा शुरू होने से पहले उन्हें मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए चिंतलनार तक पैदल जाना पड़ता था। कई बार समय पर बस नहीं पकड़ पाने के कारण उनका पूरा दिन खराब हो जाता था और जरूरी कार्य अधूरे रह जाते थे। ग्रामीणों ने कहा पहले बस पकड़ने के लिए घंटों पैदल चलना पड़ता था। कई बार बस छूट जाती थी। अब दोरनापाल-नागाराम मार्ग पर बस चलने से हमारी जिंदगी बदल गई है।

#### अब सुरक्षित वापसी संभव

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत संचालित बस सेवा अब पोलमपल्ली, कांकेरलंका, चिंतागुफा, चिंतलनार, लखापाल, केरलापेंदा और नागाराम जैसे गांवों के नजदीक से गुजर रही है। ग्रामीण अब आसानी से बस में सवार होकर दोरनापाल पहुंचते हैं, अपने जरूरी कार्य पूरे करते हैं और उसी बस से सुरक्षित वापस लौट आते हैं। इस सुविधा से न केवल समय और श्रम की बचत हो रही है, बल्कि यह योजना महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और श्रमिकों के लिए भी बड़ी राहत बन गई है।

# कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता बनाए रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज : सुकमा

कलेक्टर अमित कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा की बैठक आयोजित कर, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं

- स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास कार्यों की समीक्षा
- 14 अप्रैल से स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गायनाकोलॉजिस्ट एवं सर्जन के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित कर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में 14 अप्रैल से 13 मई तक लगभग एक माह की



अवधि में जिलेभर में लगभग 1300 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक की शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को शिविरों के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मुनादी कराने तथा मौसम के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक हितग्राही का ई-केवाईसी पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ मिशन कर्मयोगी एवं कर्मयोगी भारत कार्यशाला के अंतर्गत सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का ऑनबोर्डिंग 30 अप्रैल तक पूर्ण कराएं। उन्होंने ईएचआरएमएस एवं आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन कर्मयोगी के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक में फील्ड विजिट के दौरान दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों, आश्रमों एवं छात्रावास भवनों में आवश्यकतानुसार हैंडपंप चिन्हांकन कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। नगर पालिका परिषद सुकमा में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

#### कार्य में लाए प्रगति

बैठक में आधार कार्ड एवं अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में साइंस पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की दिशा में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। जगरगुंडा में कन्या आश्रम, बालक आश्रम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कैफे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# पोलेमपल्ली में न साफ पानी न डॉक्टर, कलेक्टर को भेजा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

ग्राम पंचायत पोलेमपल्ली में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी को लेकर युवा कांग्रेस ब्लॉक दोरनापाल की अध्यक्ष किच्चे

- एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई

सविता ने कलेक्टर सुकमा को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पत्र में गांव की जमीनी समस्याओं को विस्तार से उठाया गया है। पत्र के अनुसार पोटाकेबिन पोलेमपल्ली और कन्या आश्रम जगरगुंडा में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। पानी की कमी के कारण छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में तत्काल टैंकर से पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई है स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोलेमपल्ली में केवल दो नर्स पदस्थ हैं, जिनमें से एक अक्सर कार्यालयीन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। यहां एमबीबीएस डॉक्टर की नियमित उपलब्धता नहीं होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है।

इसके अलावा क्षेत्र में मिनी एम्बुलेंस की अनुपलब्धता को गंभीर समस्या बताया गया है। हाल ही में एक छात्रा की मौत को भी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जोड़ते हुए त्वरित एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। आंगनबाड़ी और स्कूलों की स्थिति भी दयनीय बताई गई है। कई केंद्रों में पानी, शौचालय, बिजली और पंखे जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहीं भवन जर्जर अवस्था में हैं। नल-जल योजना को भी पूरी तरह विफल बताते हुए कहा गया है कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए नदी-नालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पत्र के अंत में कलेक्टर से इन सभी समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेकर समाधान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया में युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हेतु जानकारी दी गई। नवा तरिया कार्यों हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण को 90 दिवस में पूर्ण करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही हितग्राहियों को प्राप्त राशि की जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जियो-टैगिंग कार्यों की पूर्णता, शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा क्यू कोड के माध्यम से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

# पर्यटन स्थलों में साफ सफाई एवं प्लास्टिक के उपयोग को रोकने प्रभावी कार्यवाही करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक खातों के मिलान हेतु निर्देश जारी के संबंध में कहा गया कि स्थायी वित्त निर्देश 6, 2024 के तहत सभी संबंधित अधिकारियों को बैंक खातों के स्टेटमेंट का केशबुक एवं कार्यालय लेखों से मिलान निश्चित समय सीमा कर लेवें। इसके साथ ही बैंक समाधान विवरण प्रस्तुत करने एवं खातों के प्रकटन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा गया। इस जारी निर्देशों के अनुसार, सभी खातों की जांच एवं मिलान 31 दिसंबर 2025 तक की स्थिति में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के मुख्य पर्यटन स्थलों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के संबंध में कहा गया कि इसके लिए पर्यटन स्थलों में पर्यटन गतिविधियां संचालित करने वाली पंचायतों की ओर से स्वच्छता टीम का गठन किया जाए। जो न केवल स्थलों की साफ सफाई करेगी साथ ही साथ वहां आने वाले पर्यटकों को प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के संबंध में कार्यवाही करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के दर्शनीय स्थलों में प्लास्टिक बोतले, पॉलीथिन के जमाव से स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। इसे रोकने के लिए प्रशासनिक प्रयास जरूरी है। यह भी कहा कि मुख्यालय में स्थित माई दंतेश्वरी के मंदिर तट पर स्थित शंकर नदी में भी फूल सहित अन्य पूजा सामग्रियों को प्रवाहित कर दिया जाता है यह भी पर्यावरण एवं स्वच्छता की दृष्टि से उचित नहीं है। इन सब उपयोग किए गए पूजा सामग्रियों फुल आदि के सुरक्षित निस्तारण हेतु कार्य योजना बनाएं। इसके साथ ही बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम से भंडारण रिपोर्ट की अद्यतन जानकारी अपडेट करने, जिले के 33 शहीद परिवारों में से जिनके पास पूर्व से ही बोर सुविधा हो उन्हें तारबाड़ी फेसिंग, की सुविधा उपलब्ध कराने, मिलेट कैफे में विद्युतीकरण, बायो मेडिकल वेस्ट के निपटान, प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्यघर योजना,के संबंध में वेडरों की बैठक आयोजित करने, जनगणना के संबंध में नियुक्त प्रगणकों की टीम को प्रशिक्षण के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समय सीमा बैठक में विभागों के परस्पर लंबित मुददे और उसके निराकरण के लिए की गई कार्यवाही की भी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।





# मानसिक स्वास्थ्य के लिए अंतर-विभागीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टोरेट में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक कल्याण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के लगभग 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह सत्र मनो बस्तर पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन और मरीवाला हेल्थ इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बस्तर जिले के आवासीय संस्थानों में रहने वाले जनजातीय बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन और आत्महत्या रोकथाम के लिए संस्थागत तैयारियों को मजबूत करना था।

कार्यशाला का संचालन डॉ. अचल भगत ने किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक समग्र (इंटरसेक्शनल) दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. भगत अपोलो हॉस्पिटल्स में वरिष्ठ मनोचिकित्सक हैं, जो सार्थक मेंटल हेल्थ नामक एक गैर-लाभकारी संस्था के अध्यक्ष भी हैं और एक सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी हैं, जिन्हें सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और जनसंपर्क के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होता है, और इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोग आवश्यक है।

प्रतिभागियों ने आवासीय संस्थानों में रहने वाले बच्चों की दैनिक परिस्थितियों पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी और मनोरंजक गतिविधियों तक पहुँच उनके मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार प्रभावित करती है। कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि विभागों के अधिकारी अपने मौजूदा कार्यों में मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को शामिल करें।

# डीएवी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी स्कूल दंतेवाड़ा में आयुष विभाग के आयुष योग वेलनेस सेन्टर और आयुर्विद्या कार्यक्रम के चिकित्सकों द्वारा योग आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 470 विद्यार्थी और 26 स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ ही दिनचर्या, हाइजीन विषय पर बच्चो को जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ रहने के तरीके बच्चो को बताए गये। उक्त शिविर में डॉ. संतोष बर्मन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक, डॉ. रविन्द्र सिंह आयुर्वेद चिकित्सक ने अपनी सेवाए दी।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए 14 को रैली

**जगदलपुर।** अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन-जागरूकता के उद्देश्य से इस वर्ष भी जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार एवं महानिदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं मुख्यालय रायपुर के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी 14 अप्रैल को शहर के मुख्य मार्गों से एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुबह 10 बजे स्थानीय लाल बाग मैदान से प्रारंभ होकर शहर के हृदय स्थलों जैसे कोतवाली चैक, गोल बाजार चैक, गुरु नानक चैक और संजय बाजार चैक से होकर गुजरेगी। रैली का कारवां आगे बढ़ते हुए चांदनी चैक, शहीद पार्क, जमाल मिल और माड़िया चैक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करेगा। केन्द्रीय विद्यालय के मार्ग से होते हुए इस रैली का औपचारिक समापन दोपहर 2 बजे एनएमडीसी चैक स्थित फायर स्टेशन पर किया जाएगा। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य इस आयोजन के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि को कम करना और नागरिकों को बचाव के प्रभावी तरीकों से रूबरू कराना है, ताकि भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

### कैंसर पीड़ितों के लिए नई उम्मीद जगाई

**जगदलपुर।** चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जो न केवल शारीरिक बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवारों को तोड़ देती है। ऐसे कठिन समय में महारानी अस्पताल और आयुष्मान भारत योजना कई परिवारों के लिए एक मसीहा बनकर उभरी है। जगदलपुर के इस चिकित्सा केंद्र से ऐसी कई कहानियाँ सामने आ रही हैं, जहाँ आर्थिक तंगी से जूझ रहे मरीज अब नई उम्मीद के साथ अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। किराना दुकान चलाने वाली अनीता महावर की कहानी साहस और संघर्ष की एक मिसाल है। चैथे चरण के कैंसर से जूझ रही अनीता ने अपने शुरुआती इलाज के लिए हैदराबाद का रुख किया था, जहाँ ऑपरेशन और अन्य प्रक्रियाओं में उनके जीवन की जमा-पूंजी के लगभग 20 से 25 लाख रुपये खर्च हो गए। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद जब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक हो गई, तब आयुष्मान कार्ड उनके लिए सहारा बनी। पिछले दो वर्षों से वे जगदलपुर में ही अपना इलाज करा रही हैं और उनका मानना है कि यहाँ मिल रही निःशुल्क दवाओं और डॉक्टरों के समर्पण ने उन्हें मानसिक रूप से और भी मजबूत बना दिया है।

# असामाजिक जिंदगी से मिली मुक्ति, पुनर्वास से मिली नई रोशनी

## लाईवलीहुड कॉलेज में आत्मसमर्पित युवक-युवतियों को मिल रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सली पुनर्वास नीति की अभिनव पहल आत्मसमर्पित युवाओं का भविष्य संवारने में अग्रणी भूमिका निभा रहा हैं। इस महती पहल का मुख्य उद्देश्य केवल मुख्यधारा से भटके युवाओं को आत्मसमर्पण कराना नही रहा बल्कि उनके नये जीवन के शुरुआत हेतु नये अवसरो के द्वार भी खुलवाना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। इस संबंध में जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के लाईवलीहुड कॉलेज में आत्मसमर्पित युवक युवतियों हेतु जिला प्रशासन द्वारा स्वरोजगार के नये ट्रेंड एवं प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किए गए है।

इस क्रम में पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित 27 वर्षीय युवा विनोद कुरसम भी इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उन्होंने इस संबंध में बताया कि वे पांचवी तक ही पढ़ाई कर सके है क्योंकि गावं के स्कूल को नक्सलियों द्वारा वर्षो पूर्व बम से उड़ा दिया गया था। वह मूल रूप से जिला बीजापुर ब्लॉक भोपालपटनम के दूरस्थ बीहड़ गांव कोकेरा का रहने वाला है। भोपालपटनम से लगभग 60 किलोमीटर दूर ग्राम कोकेरा विकास से पूर्णतः अछूता ग्राम था। जहां न तो बिजली थी न ही सड़क, न स्कूल, ना ही अन्य बुनियादी सुविधा थी। यहां की जनसंख्या बमुश्किल 100 के लगभग और परिवार 30-40 के आस पास थे। जाहिर था वर्तमान से 15-16 साल पहले नक्सली



गतिविधियों ने यहां डेरा जमा लिया था। निरक्षर ग्रामीणों को जबरदस्ती अपनी विचारधारा मानने के लिए विवश किया जाता रहा। कम उम्र के बच्चों के लिए माओवादियों द्वारा बाल संगठन बनाया गया था। इस बाल संगठन से विनोद कुरसम 2008-09 से जुड़ गया था। बड़े होने पर उसे नक्सली संगठन चैरपल्ली आरपीसी जनताना सरकार का कमान्डर बनाया गया था। इस प्रकार उसका मानना है कि 15-16 वर्ष तक असामाजिक गतिविधियों से जुड़कर अपने जीवन के 15-16 वर्ष एक प्रकार से व्यर्थ कर दिया। लेकिन कहते है ना जब जागो तब सवेरा राज्य शासन की विकास योजनाओं एवं पुनर्वास नीतियों की बदौलत उनका यायावरी जिंदगी से मोह भंग हो गया और 15 जनवरी 2026 का वह दिन भी आया जब उसने सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर अपने 30 साथियों के साथ जिला बीजापुर में आत्मसमर्पण कर दिया अब वह अपने जीवन को नया मोड़ देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और एक अच्छा नागरिक बनाने के अपने संकल्प दोहराते हुए वह कहता है कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वह अपने गांव के समीप इलेक्ट्रिशियन का व्यवसाय करना चाहेगा। उसने यह भी बताया कि अब उसके गांव में रोड कनेक्टिविटी सहित अन्य विकास कार्य तेजी से किए जा रहे है। कुल मिलाकर भय और आतंक से जुड़े इन युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना शासन की नीतियों की असाधारण सफलता है। यह प्रयास उन्हें घर परिवार और समाज से जोड़कर आदर्श नागरिक बनायेगा।

## आश्रम शाला के बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाइश

# मेला में शामिल होकर विधायक ने की सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतिम एवं सुदूर ग्राम पंचायत हरार्कोडेर के पारंपरिक मढ़ई मेला में विधायक विनायक गोयल ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगादेई माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को सहेजते हैं बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

स्वागत से अभिभूत होकर उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है जो निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहकर हर वर्ग की समस्याओं के समाधान हेतु प्रयासरत रहेंगे।

### आश्रम शाला का निरीक्षण

मढ़ई मेला कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने शासकीय कन्या आश्रम शाला हरार्कोडेर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई, रहन-सहन, भोजन व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं से उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

विधायक ने विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बेटियां हमारे समाज का भविष्य हैं और इनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षा से ही राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव

विधायक ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव है। इसलिए सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आश्रम शाला में आवश्यक संसाधनों एवं सुविधाओं की पूर्ति हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, रूपाराम मुचाकी, लच्छिन यादव, बाबुल नाग, नरेश खापडे, चन्द्रशेखर ठाकुर, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## लॉ एंड ऑर्डर के मामले में पुलिस व प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा

- यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध होगी चालानी कार्रवाई : एसपी

सहित जिले के सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं विकास कार्यों को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसपी ने कहा कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए नियमों का पालन अनिवार्य है। अवैध रूप से वाहन खड़े करने, सड़क पर अतिक्रमण करने तथा यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के रैली का आयोजन और सभा करने वालों पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे शहर में सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। पुलिस विभाग द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# भगवान शिव की 15 दिन से हो रही नियमित आरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

नगर के शिव मंदिर में पिछले दो सप्ताह से नियमित रूप से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के साथ

- शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र से पहुंच रहे श्रद्धालु

आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं शामिल हो रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं की खास रुचि और उत्साह देखने को मिल रहा है। महाआरती का यह कार्यक्रम प्रतिदिन लगभग एक घंटे तक चलता है जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के माहौल



से सराबोर हो जाता है।

कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस आयोजन में पंडित राम गुंडम वाल मनोहर द्वारा भगवान शिव की पूजा और आरती कराई जाती है। स्थानीय लोग इस धार्मिक पहल की सराहना कर रहे है। उनका मानना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक आस्था और एकता को बढ़ावा मिल रहा है। शिव मंदिर समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ महाआरती में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें।




## शिविर में बीपी, शुगर, खून व आखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गोंविद नारायण जांगड़े, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सेवा प्राधिकरण सचिव अंकिता कश्यप के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य परीक्षण जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता केन्द्र में न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी, पैरालीगल वालिंटियर्स एवं आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे बीपी, शुगर, खून की जांच एवं आखों की जांच कराया गया। जिसमे उपस्थित सभी जनों को लाभ प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा किशोर न्याया बोर्ड जगदलपुर, बाल कल्याण समिति में निवासरत बच्चों, ग्राम पोडागुड़ा, में ग्राम पंचायत के संरपच, उप संरपच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही ग्राम लोहण्डीगुड़ा में पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# सिलेंडर के लिए रात 3 बजे से कतार पांच घंटे बाद 8 बजे से वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वैश्विक युद्ध के चलते लोग गैस सिलेंडर की किल्लत महसूस कर रहे हैं। इसलिए सुबह 3 बजे से सिलेंडर के लिए कतार में खड़े होना पड़ रहा है। लोहंडीगुड़ा से आए उपभोक्ता विजय गुप्ता ने बताया कि 5 घंटे बाद 8 बजे से वितरण शुरू हुआ। कार्ड में एंट्री और ओटीपी आने पर ही सिलेंडर मिल रहा है। ऐसी स्थिति होने से कमर्शियल सिलेंडर मिलना बंद हो गया है। ढाबा वाले जलाउ लकड़ी का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन रेस्टोरेंट और होटल वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर के सख्त निर्देश के चलते गैस एजेंसी वाले नियम का पालन करते सिलेंडर का वितरण कर रहे हैं।





# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी 7 से 12 अप्रैल तक जनसंपर्क करने गांव चलो घर चलो अभियान चला रही है। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने नानगुर मण्डल के ग्राम जामावाड़ा में

- गांव चलो घर चलो अभियान की शुरूआत जामावाड़ा से की

अभियान की शुरूआत की। ग्रामीण जनता से सीधे संवाद करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेते हुए चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सरकार की मंशा है। गांव चलो घर चलो अभियान का यही उद्देश्य भी है।





किरण देव ने 19 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। कासरीपारा में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण लागत 9.50 लाख ,भदरागुड़ा में 300 मीटर सीसी सड़क लागत 09.50 लाख का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम का भ्रमण किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों में जाकर बातचीत की। महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं से भी चर्चा की और ग्रामीण कार्यकतार्ओं के साथ जमीन में बैठकर भोजन किया। ग्रामीणों ने बताया कि जामावाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना में 140 स्वीकृति, पेंशन योजना में 225, भूमिहीन कृषि मजदूर 31, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस के 465, प्रधानमंत्री किसान निधि में 242 लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास हो रहा है। गांव, गरीब, किसान, महिला व युवाओं के विकास करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, पेंशन योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर,पीएम सूर्य घर योजना, वीबी रामजी योजना हमारे गांव के लोगों के विकास के उद्देश्य को पूरा करने की लागू की है, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं व किसानों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहाना करते प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक किरण देव का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान मंडल प्रभारी सुब्रतो विश्वास, मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी, लखीधर बघेल, आर्येंद्र सिंह, चंद्रकांत सेठिया, संरपंच रैदू नाग, नीलांबर सेठिया, बालमती नागेश, बोड़की मंडावी, सुंकाती गौतम ,रामकेशरी गोयल, सुखलाल,कमल कुमारी, डमरू भारती ,सुकुरू, हरिशंकर कश्यप,दयाराम सुकलधर, धरमू मंडावी,लखमू, उदय दुबे, देवीसिंह, चैतराम नाग व काफी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

